## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

## चोरी की घटना का सफल अनावरण, हिस्ट्रीशीटर सहित 02 शातिर चोर गिरफ्तार

## कब्जे से चोरी का माल, घटना में प्रयुक्त पिकअप वअवैध शस्त्र बरामद

**दिनांकः- 17.09.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए घटनाओं को रोकने एंव घटित घटनाओं के त्वरित अनावरण तथा संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम् कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्री विशाल गुप्ता के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान चोरी की घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत **अभियोग मु0अ0सं0 206/2026 धारा 305A बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये हिस्ट्रीशीटर सहित 02 *अभियुक्तगण*** 1.अनिल पुत्र भग्गा निवासी ग्राम पहलीपुरवा मजरा मिर्जापुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर HS NO.354-A) 2.तिलक राज पुत्र बालक राम निवासी ग्राम मटरूआ थाना मिश्रित जनपद सीतापुर को बह्द ग्राम बड़रावा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार **अभियुक्तों से चोरी का माल- 01अदद इन्वर्टर (STATCON ENERGIAA, 2KVA/24V MPPT SOLAR PCU) व 02 अदद बैटरा (HBL कम्पनी Triumph Tubular Gel VRLA Battery) तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण 01 अदद हथौडी, 1 अदद पेचकश, 1 अदद पिलास, 2 खाने की 2 रिंच, 1 अदद लोहे की छैनी, 1 अदद आरी ब्लेड व घटना में प्रयुक्त 01 अदद कार सफेद बुलेरो मैक्स UP34CT4561 बरामद हुए हैं तथा इसके अतिरिक्त अभियुक्त अनिल उपरोक्त से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुए हैं।**

गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा मिलकर रेकी कर के चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। करीब 15 दिन पूर्व ग्राम खर्गा बहादुरपुर मजरा ढकिया थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर में जल निगम की पानी की टंकी से 02 अदद बैटरा व 01 अदद इन्वर्टर अपने साथियों के साथ मिल कर चोरी किये थे। बरामद हथौड़ी पेचकश आदि समानों से हमलोग इन्वर्टर बैटरा को खोल कर इसी पिकअप गाड़ी से चोरी करके रखे हुए थे। आज हम लोगों के द्वारा इन्वर्टर व बैटरा को बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों के द्वारा पकड लिया गया ।

उक्त घटना के संबंध में थाना मछरेहटा पर मु0अ0सं0 **206/2026 धारा 305A बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियक्त अनिल उपरोक्त थाना मछरेहटा का HS 354-A हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है। इसके विरुद्ध पूर्व भी में कई अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से माल बरामदगी व तंमचा के संबंध में धारा 317(2) बीएनएस व 25(1-B) आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.अनिल पुत्र भग्गा निवासी ग्राम पहलीपुरवा मजरा मिर्जापुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर HS NO.354A)

2.तिलक राज पुत्र बालक राम निवासी ग्राम मटरूआ थाना मिश्रित जनपद सीतापुर

**बरामदगी-**

- **चोरी का माल-** 01 अदद इन्वर्टर (STATCON ENERGIAA, 2KVA/24V MPPT SOLAR PCU) व 02 अदद बैटरा (HBL कम्पनी Triumph Tubular Gel VRLA Battery)

- **चोरी में प्रयुक्त उपकरण- 01** अदद हथौडी, 1 अदद पेचकश, 1 अदद पिलास, 2 खाने की 2 रिंच, 1 अदद लोहे की छैनी, 1 अदद आरी ब्लेड 01 प्लास्टिक का झोला

- **घटना में प्रयुक्त-** 01 अदद कार सफेद बुलेरो मैक्स UP34CT4561

- 01 अदद देशी नाजायज तमंचा 12 बोर व 01 अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद।

**अनावरित अभियोग-** मु0अ0सं0 206/2026 धारा 305A बीएनएस थाना मछेरेहटा सीतापुर

**थाना मछरेहटा पुलिस टीम–**

1.थानाध्यक्ष श्री रजनीश कुमार वर्मा

2.उ0नि0 श्री नासिर खान

3.हे0का0 विवेक कुमार

4.का0 सतीश कुमार

5.का0 अशोक कुमार

6.का0 आशीष कुमार
7.का0 आनन्द कुमार
8.का0 राहुल कुमार

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त HS 354A अनिल उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 171 धारा 379/427/411, 379, 427, 411 भादवि थाना मछरेहटा सीतापुर

2.मु0अ0सं0 171/07 धारा 379/427/411 भादवि व 3 सम्पत्ति अधि0 व 2/3 गैंगेस्टर एक्ट / Gangster Act थाना मछरेहटा सीतापुर

3.मु0अ0सं0 94 धारा 457/380/411 भादवि थाना मछरेहटा सीतापुर

4.मु0अ0सं0 168/19 धारा 60(2) आबकारी अधि0 थाना मछरेहटा सीतापुर

5.मु0अ0सं0 186/20 धारा 272 भादवि व धारा 60(2) आबकारी अधि0 थाना मछरेहटा सीतापुर

6.मु0अ0सं0 158/20 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना मछरेहटा सीतापुर

7.मु0अ0सं0 94/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना मछरेहटा सीतापुर

8.मु0अ0सं0 108/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना मछरेहटा सीतापुर

9.मु0अ0सं0 319/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मछरेहटा सीतापुर

